# तेरा प्रभु हो साथ सदा (हीर)

## रागः तेरा मेरा प्यार अमर

तेरा प्रभु हो साथ सदा, अैसा मुझे तुं स्थान बता (२)

दिलमें तुझे मैं तडपुं सदा, अब तो बता दे तेरा पता

तेरा प्रभु हो साथ सदा, अैसा मुझे तुं स्थान बता

पाप करके नीत मैं हँसा, कर्मके किचडमें फसा,

चाहुं पर निकल ना सकुं, अैसी है अब मेरी दशा,

जाऊं कहां मैं तेरे सिवा, किसको कहुं मैं मेरी व्यथा?

तेरा प्रभु हो साथ सदा, अैसा मुझे तुं स्थान बता,

जानकर मैं सोता रहा, धर्म क्षणको खोता रहा,

भोग सुखको पाने सदा, मैं बहोत ही रोता रहा,

तुमको ही पाने मैं रोऊं सदा, ऐसे मुझे दे रागा घटा,

तेरा प्रभु हो साथ सदा, अैसा मुझे तुं स्थान बता,

सुखमें तुझे मैं भुलुं सदा, दु:खमें ही ढुढुं मैं तेरा पता,
पापसे ही दु:ख जानुं सदा, पर पापको मैं ना छोडता,
सुखमें भी तुझको न भुलुं कदा, दु:खमें भी मुझको दे आनन्दता
तेरा प्रभु हो साथ सदा, अैसा मुझे तुं स्थान बता,

सुखसे मुझे दे निस्पृहता, जगसे मुझे दे वैराग्यता,
मुझमें भी प्रगटे वीतरागता, अैसी मुझे दे सामर्थ्यता,
"हीर" कहे, प्रभु दरस दिखा, अब ना मुझे तुं और सता,
तेरा प्रभु हो साथ सदा, अैसा मुझे तुं स्थान बता
अैसा मुझे तुं स्थान बता (२)

2016-03-25 - http://youtu.be/d1a4ExrPJPQ